सार-समाचार

थानाधिकारी को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

देवगढ़, (निसं)। राजस्थान में कट्टर पंथी मौलानाओं के संरक्षण में इस्लामी जिहादियों द्वारा हिंदू समाज की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचा कर दंगे भड़काने के उद्देश्य से मस्जिद से देव विमान पर पत्थर बाजी सहित अन्य संवेदनशील घटनाओं व बारहवफात के जुलूस को हिंदू धार्मिक स्थलों के सामने से नहीं निकालने की चेतावनी देते हुए रविवार को देवगढ़ थाना अधिकारी अनिल बिश्नोई को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया की राजस्थान में कट्टरपंथी मौलानाओं के संरक्षण में इस्लामी जिहादीयों द्वारा गत दिनों से राष्ट्रीय व हिंदू महापर्वों पर निरंतर हिंदू समाज की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचा कर दंगे भड़काने के उद्देश्य से षडयंत्र पूर्वक योजना तरीके से संवेदनशील घटनाओं का कार्य किया जा रहा है। हाल ही में भीलवाड़ा जिला के जहाजपुर में शनिवार को जलझूलनी एकादशी के अवसर पर किले से आ रहे पीतांबर राय महाराज के बेवाण पर मस्जिद से पत्थर बाजी की गई जिसमें पांच महिलाओं सहित कुछ युवाओं को व क्षेत्रीय विधायक को चोट आई है। इसी दिन भीलवाड़ा के उपनगर सांगानेर में बांसवाड़ा में गणेश पंडाल में पत्थर बाजी करके हमला किया गया। इससे पूर्व भीलवाड़ा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गाय की पूछ काटकर मंदिर में फेंकने,उदयपुर में षडयंत्र पूर्वक नाबालिक के माध्यम से देवराज की हत्या करवाना,झालावाड़ जिले के बकानी में मुसलमानों द्वारा हिंदू दलित परिवार के घर में घुसकर महिलाओं पर जानलेवा हमला करना श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन कोटा जिले के रामगंज मंडी में शिवलिंग तोड़ना, स्वतंत्रता दिवस के दिन कोटा के कथून थाना क्षेत्र के मंदिर परिसर में बम से उडाने की धमकी दी गई,बारां नगर के डोल मेला मैदान में स्थित कोयला खिड़की को जिहादियों द्वारा हरे रंग से पुताई की व बारां में एसडीपीआई के जिला अध्यक्ष द्वारा हिंदू संत व महिलाओं का अपमान किया गया। मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।इस प्रकार की संवेदनशील घटनाओं से हिंदू समाज की भावनाओं को आहत पहुंची है

बारावफात पर यातायात की विशेष व्यवस्था

उदयपुर,(कासं)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 16 सितंबर को मुस्लिम समुदाय की ओर से बारावफान के अवसर पर जूलूस निकाल जाएगा। इस दौरान यातायात की विशेष व्यव्स्था की गई है। जिला पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी सूचना अनुसार दोपहर 1 बजे से मुखर्जी चौक से ब्रम्हपोल दरगार, अम्बामाता तक रात्री10 बजे तक जूलूस निकाला जाएगा। जिसमें शहर के प्रमुख इलाकों से समुदाय के लोग भाग लेने मखुर्जी चौक व चांदपोल चौराहें पहुंच कर जूलूस में शामिल होंगे। इस दौरान फतह स्कूल, आरअसीए कॉलोज के बाहर डबोक, प्रतापनगर, आयड़, हिरणमगरी से आने वाले लोगों के वाहन सूरजपोल तांगा स्टेण्ड के आसपास, सविना बरकत कॉलोनी, गोवर्धन विलास, वलिचा, खांजीपीर क्षैत्र से आने वाले वाहनों की आरएमवी रोड़, पहाड़ा, कालकामाता रोड़ पर, स्वरूपसागर कच्चची बस्ती से आने वाले वाहन देहलीगेट, तैयाबिया स्कूल के पास, चमनपुरा, स्वरूप सागर कच्ची बस्ती, देवाली, बेदला, भुंवाणा, सुखेर, चित्रकूटनगर सेआने वाले वाहनों झरिया मार्ग रोड़ छोड़ कर, गोगुन्दाक ी तरफ सेआने वाले वाहन स्वरूपसागर सड़क किनारे पार्क किए जासकेगे। अम्बामाता के पास एवं ब्रम्हपोल दरगाह के समीप भी वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इस दौरान देहलीगेट से हाथीपोल तक एव वे रहेगा। आपातकाली सेवाओं के लिए उक्त व्यवस्था लागू नहीं रहेगी उनका संचालन यथावत रहेगा। आमजन से यातायात पुलिस को सहयोग देने की अपील की है।

धोखाधड़ी का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। कंपनी के नाम से डुप्लीकेट माल बेचने वाले कारोबारियों के खिलाफ सायरा थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित आशिष कुमार पुत्र प्रभूलाल निवासी महावीर नगर कोटा बासमती 351चावल कंपनी के डायरेक्टर ने सायरा माता मगरी स्थित न्यू ममता ट्रेडिंग कंपनी के तेजसिंह तथा विनायक ट्रेडिंग कंपनी के विजयसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया ि क आरोपियों द्वारा हमारी कंपनी के नाम से डुप्लीकेट माल बेचने की शिकायत मिली थी। इस पर 27 जुलाई 2024 को आरोपियों की दुकान से दो कट्टे चावल के खरीदे। एक कट्टे के आरोपी ने 1950 रूपये लिए तथा दूसरे कट्टे के 1560 रूपये लिए। इस संबंध में पडताल की तो एक कट्टा डुप्लीकेट पाया गया। इस पर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

अपहरण का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। बाइक सहित पीडित का अपहरण कर जोधपुर ले जाकर छोड़ने वाले आरोपियों के खिलाफ सूरजपोल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहीडित बीजाराम पुत्र भूराराम दर्जी निवासी बीकमकोर थाना ओसिया जोधपुर व उसके रिश्तेदार हुकमाराम उर्फ अरूण पुत्र चैनाराम दर्जी निवासी रूपनगर पावटा सी रोड़ महामंदिर जोधपुर हॉल मुखर्जी चौक ने आरोपी गोपालसिंह , स्वरूपसिंह पुत्र हुकमसिंह निवासी रेडाणा बाडमेर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 9 सितंबर को उदियापोल बस स्टेण्ड से आरोपी कार लेकर आए तथा बाइक सहित कार में डाल कर अपहरण कर जोधपुर ले जा कर छोड़ भागे। वहां से वापस लौट कर पुलिस थाने पहुंच कर प्रकरण दर्ज करवाया। इस मामले में पता चला कि पीडित व आरोपियों के बीच सिलाई काम को लेकर विवाद चल रहा है।

हादसे में श्रमिक की मौत

उदयपुर, (कासं)। डबोक थाना क्षैत्र में स्थित प्लास्टीक फेक्ट्री में काम करने के दौरान हादसे का शिकार हुए श्रमिक की उपचार के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 सितंबर को डबोक थाना क्षैत्र रिको गुडली स्थित प्लास्टीक फेक्ट्री में काम करने के दौरान मशीन ऑपरेटर देवड़ों का कुआ पालवा कला निवासी भूरसिंह (47) पुत्र उम्मेदसिंह गंभीर घायल हो गया था। जिसे परिजनों ने उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई मुकेश ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

बूचड़खाने कल बंद रहेंगे

उदयपुर, (कासं)। आगामी 17 सितंबर मंगलवार को को अनंतचतुर्दशी के उपलक्ष में निगम क्षेत्र के सभी बूचड़खाने, मांस मछली बिक्री केंद्र को पूर्णतया बंद रखने के आदेश जारी किए हैं नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के उपलक्ष में सभी बूचड़खाने, मांस मछली बिक्री केंद्र बंद रखे जाएंगे। बंद रखने का आदेश राज्य सरकार के निर्देश पर जारी किया गया है। आदेश का सख्ती से पालन हो इस हेतु अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। यदि किसी भी व्यापारी द्वारा आदेश की अवहेलना की जाएगी तो उसके खिलाफ नियम अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

'साहित्यकार राष्ट्रवाद को प्रेरित करने वाला साहित्य सृजन करें'

उदयपुर, (कासं)। लोकसभा क्षेत्र उदयपुर के सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने कहा है कि वर्तमान हालातों को देखते हुए साहित्यकारों को राष्ट्रवाद को प्रेरित करने वाले साहित्य को सृजित करने की आवश्यकता है। डॉ. रावत रविवार को मोहनलाल सुखाडिया विवि के अतिथि गृह में विवि के हिन्दी विभाग, साहित्य विकास परिषद अहमदाबाद व अखिल भारतीय साहित्य परिषद चित्तौड़ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अखिल भारतीय काव्य समागम 2024 एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने आह्वान किया कि साहित्यकार को देश, काल और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप विषयों को

■ **अखिल भारतीय काव्य समागम एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू**

चिह्नीत करते हुए साहित्य सृजन करना चाहिए और यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि साहित्य राष्ट्र प्रथम के मंतव्य पर आधारित हो।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली ने कहा कि राष्ट्रवाद की विचारधारा से प्रेरित होकर किया गया यह आयोजन कालचिंतन का साक्षात उदाहरण है। बतौर विशिष्ट अतिथि कश्ती फाउण्डेशन की प्रमुख व समाजसेवी श्रद्धा मुर्डिया ने मेवाड़ अंचल में कला और साहित्य का परिदृश्य प्रस्तुत करते हुए संबल व प्रोत्साहन देने की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने कश्ती फाउंडेशन के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी बताया। इस मौके पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद के चितौड़ प्रांत अध्यक्ष विष्णु शर्मा हरिहर, अनुष्का एकडेमी सचिव राजीव सुराणा और उपाध्यक्ष रविन्द्र उपाध्याय आदि ने भी बतौर अतिथि विचार व्यक्त कर इस आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के आरंभ कार्यक्रम के आयोजक कपिल पालीवाल ने इस दो दिवसीय आयोजन के तहत होने वाले विभिन्न सत्रों के कार्यक्रमों की जानकारी दी।

एकार्थ पुरोहित को संगीत व सोशल मीडिया के लिए संगीत गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इसी प्रकार विद्यालयों में विकास कार्य के लिए योगदान देने वाले दृष्टिबाधित हरिओम मदन गोपाल मेनारिया को 11 हजार रूपये नकद देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिल्पकार हेमंत जोशी, चित्रकार डॉ. चित्रसेन आदि का मुख्य अतिथि के हाथों सम्मान किया।

कार्यक्रम के प्रथम दिन देश के 8 राज्यों से आए कवियों की प्रस्तुतियों से दिनभर काव्यामृत की बरसात हुई। प्रथम सत्र के तहत आयोजित काव्य गोष्ठी में अहमदाबाद से मन कुमार, उदयपुर के कपिल पालीवाल, उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ के हरिबहादुर 'हर्ष' गांधीधाम से डॉ. संगीता पॉल व भोपाल से कुमार नितेश ने काव्य पाठ किया। इस सत्र का संचालन मध्यप्रदेश के मन कुमार करेंगे। अपरान्ह में आयोजित द्वितीय सत्र की काव्य गोष्ठी में उज्जैन से दिनेश 'अनल', अहमदाबाद से नरेन्द्र सिंह आऊवा, चित्रकूट से सुनील शौर्य, शिवपुर से कमल राठौड़, अवरेन्द्र अवस्थी फौजी काव्य पाठ किया।

सत्र का संचालन अहमदाबाद से हरिबहादुर ने किया। तृतीय सत्र की काव्य गोष्ठी में मध्यप्रदेश के बालाघाट से लक्ष्मीचंद ठाकरे, नागदा से कृष्ण कुमार'सरल' व कैलाश सोनी 'सार्थक', बृजराज सिंह जगावत व आलोक सनाढ्य, कमल राठौड काव्य पाठ किया। इस दौरान बाहर से पहुंचे समस्त साहित्यकारों का सम्मान किया गया । संचालन उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ के हरिबहादुर 'हर्ष' ने किया।

उदयपुर के सुखाड़िया विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय काव्य समागम एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई।

लेकसिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने कुलदीप सिंह गहलोत

उदयपुर, (कासं)। लेकसिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष पद हेतु रविवार को चेतक स्थित प्रेस क्लब भवन में चुनाव सम्पन्न हुए। दोपहर 12 से 2 बजे तक हुए मतदान में पात्र 148 मतदाताओं में से 138 सदस्यों ने अपने मत का उपयोग किया। 2 मत निरस्त माने गए।

इस अवसर पर चुनाव संयोजक रफीक एम पठान ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी एडवोकेट अरुण व्यास के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। मतदान प्रक्रिया के लिए सुबह 10 से 11 बजे तक नामांकन प्रक्रिया हुई जिसमें अध्यक्ष पद के लिए भगवान प्रजापत और कुलदीप सिंह गहलोत ने आवेदन प्रस्तुत किया।

इसके पश्चात 11.30 तक नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी के समय समाप्त होने के बाद दो प्रत्याशी मैदान में होने से चुनाव प्रजापत अपनाई गई। दोपहर 12 से 2 बजे तक वोटिंग हुई जिसमें क्लब सदस्यों से उत्साह दिखाते हुए मतदान किया दोपहर 2 बजे बाद मतगणना शुरू हुई। जिसमें भगवान प्रजापत को 29 मत मिले जबकि कुलदीप सिंह गहलोत को 107 वोट प्राप्त हुए। कुलदीप सिंह गहलोत 78 वोट से विजेता हुए।

चुनाव अधिकारी ने विजयी कुलदीप सिंह गहलोत को निर्वाचन पत्र प्रदान किया। पूर्व अध्यक्ष कपिल श्रीमाली ने विजयी को बधाई देते हुए कहा कि चुनाव एक प्रक्रिया है। सभी पत्रकार एकसाथ है और एकता से ही क्लब के विकास कार्यो को आगे बढाया जाएगा। इस दौरान क्लब से जुडे वरिष्ठ सदस्य व पूर्व अध्यक्ष उग्रसेन राव, मानवेन्द्र सिंह राठौड, संजय खाब्या, प्रकाश शर्मा, प्रदीप मोगरा, नारीश्वर राव, अख्तर खान, छोगालाल भोई, राजेश वर्मा, मनु राव, प्रताप सिंह राठौड, निवर्तमान अध्यक्ष कपिल श्रीमाली सहित क्लब से जुडे पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

लेकसिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष पद पर कुलदीप गहलोत विजयी हुए।

भगवान का निकला वरघोड़ा

उदयपुर, (कासं)। श्री जैन श्वेताम्बर महासभा की ओर से पर्युषण महापर्व के सामपन पर भगवान का वरघोड़ा एवं गणगौर घाट पर स्नात्र पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि रविवार को श्री जैन श्वेताम्बर महासभा की ओर से हाथीपोल धर्मशाला से भगवान को रजत पालकी में विराजित कर वरघोड़ा निकाला गया। नाहर ने बताया कि वरघोडे की भव्य शोभायात्रा हाथीपोल धर्मशाल से निकाली जो मालदास स्ट्रीट,बड़ा बाजार, घण्टाघर, जगदीश चौक होते हुए गणगौर घाट पहुंची।

शोभायात्रा में सबसे आगे गजराज थे उसके पीछे पांच घोड़ों पर जैन ध्वज हाथ में लिए श्रावक चल रहे थे। उसके पीछे दो बैण्ड अपनी स्वर लहेरियां बिखेरते हुए चल रहा था। उसके बाद दो सुसज्जित बग्गियां चल रही थी, उनके बाद जैन निति नवयुवक मण्डल का बैण्ड जयघोष का उद्बोधन करते हुए चल रहे थे। उनके पीछे 2 ऊंट गाड़ी जिसमें जैन समाज की विभिन्न झांकियां सजी हुई थी।

चंद्रेश छतलानी सम्मानित

उदयपुर, (कासं)। हिन्दी दिवस के अवसर पर नेपाल की पवित्र भूमि लुंबिनी में नेपाल भारत संबंध मजबूत करने और हिंदी भाषा को नेपाल में मैत्री भाषा बनाने के उद्देश्य से शब्द प्रतिभा फाउंडेशन नेपाल द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर की कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट रचना के लिए उदयपुर के साहित्यकार चंद्रेश कुमार छतलानी को हिंदी काव्य रत्न मानद उपाधि सम्मान प्रदान किया गया। नेपाल भारत मैत्री संबंध मजबूत बनाने, देवनागरी लिपि के संरक्षण, हिंदी भाषा को नेपाल भारत की मैत्री भाषा बनाने तथा हिंदी के रचनाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल द्वारा ऑनलाइन आयोजित की गई।

अभियांत्रिकी व प्रौद्योगिकी विकास से ही पूरा होगा विकसित भारत का सपना : ठाकुर

बांसवाड़ा, (निसं)। जय जवान जय किसान के साथ ही जय विज्ञान का महत्त्व भी दिन-प्रति बढता जा रहा हैं जिस भी देश और समाज ने इस सत्य को जितना जल्द स्वीकार कर इस दिशा में कदम बढाएं हैं वह देश और समाज विकास के उतने ही शिखर पर होता हैं। आज के परिवेश में अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी के प्रति सार्थक प्रयासों से ही हम विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे। उक्त उद्गार जीजीटीयू कुलपति प्रो केशव सिंह ठाकुर ने इंजीनियरिंग कॉलेज में इंजिनीयर्स डे पर आयोजित संवाद-कार्यक्रम में बतौर अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग दिवस हमें याद दिलाता है कि हम अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी निभाएं। यह दिन इंजीनियरों को उनके कठिन परिश्रम और समाज में उनके योगदान के लिए सराहना प्रदान करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएचईडी विभाग के सहायक अभियन्ता शुभम जोशी ने कहा कि इंजीनियरिंग का भविष्य तकनीक और स्थिरता पर निर्भर करता है। इंजीनियरों की कडी मेहनत और नवाचार ने न केवल आज की समस्याओं का समाधान किया है बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए मजबूत आधार भी तैयार किया है।

प्राचार्य प्रवीण मीणा ने बताया कि इंजीनियर दिवस प्रत्येक वर्ष भारत के ख्यात अभियंता भारतरत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्म दिवस पर मनाया जाता है। एम विश्वेश्वरैया के दिशा निर्देश में भारत का पहला सीमेंट रहित बांध बनाया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति में एक अभियंता विद्यमान है जो सतत प्रकृति से सीख लेते हुए अपने चरित्र का निर्माण करता रहता है। इस अवसर पर पर क्विज, तकनीकी भाषण, पोस्टर मैकिंग एवं ब्रिज मोडल बनाने की स्पर्धा आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजन के लिये समिति सदस्य हिना जैन, कामना अग्रवाल शाक्यवंशी एवं सनीश पंचाल ने आभार जताया। इस अवसर पर डॉ. हर्षवर्धन सिंह चौहान, डॉ. जिग्नेश कुमार पटेल, हिमांशु स्वर्णकार, डॉ. धर्मेन्द्र जैन, हिमांशु पण्ड्या, स्वाति जोशी, नितिन स्वर्णकार, अर्पित सिंह भदौरिया, विजय कुमार गुप्ता, संतोष मिश्रा, रोहन गुप्ता, मानव अधिकारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन विद्यार्थी खुशी दवे एवं धैर्य शर्मा ने किया।

सार-समाचार

नकदी व चांदी के सिक्के चोरी

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र के प्रतापनगर 100 फीट रोड पर चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। चोर घर से महंगा कैमरा, कैश और चांदी के सिक्के चोरी कर ले गए। परिवार के लोग अपने रिश्तेदारों से मिलने गए थे। 4 घंटे बाद परिवार के लोग लौटे तो घर में खुले दरवाजे, टूटी अलमारियां और तिजोरी देख चौंक गए। घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में 2 चोर दिखाई दे रहे हैं। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। शहर के प्रतापनगर कॉलोनी 100 फीट रोड पर अंशु द्विवेदी के घर में चोरी की वारदात हुई है। अंशु द्विवेदी और उनका परिवार शनिवार शाम करीब 6 बजे अपने रिश्तेदार से मिलने शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में गए थे। रिश्तेदारों से मिलकर रात करीब 10 बजे वे वापस अपने घर लौटे। घर का मेन दरवाजा खुला पड़ा था। घर में जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियां और तिजोरियां टूटी पड़ी थी। जिन्हें कटर से काट दिया था। चोरों ने घर के किचन के पीछे की जाली, वायर गेज और कांच को तोड़ दिया था। इसके बाद दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में 2 चोर दिखाई दे रहे हैं। चोर ने टोपी के साथ मुंह पर कपड़ा बांधा है। चोर रात 8 बजकर 5 मिनट पर घर में घुसे और 8.42 बजे बाहर निकले। जाते समय उनके पास एक थैला था। जिसमें घर से 60 हजार का महंगा कैमरा, 2 चांदी के सिक्के, 2500 कैश और चिल्लर चोरी कर ले गए। चोरों के हाथ कोई कीमती सामान जेवरात नहीं लगे। घटना के बाद कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस सीसीटीवी से चोरों की पहचान कर उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रही है।

राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता आयोजित

कपासन, (निसं)। भारत विकास परिषद द्वारा राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता आयोजित हुई। परिषद अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच ने बताया कि श्री जी पब्लिक स्कूल मे आयोजित राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला परियोजना अधिकारी घन श्याम गौड़ थे। अध्यक्षता परिषद सचिव नन्द लाल बोहरा ने की. विशिष्ट अतिथि प्रांतीय उपाध्यक्ष बादशाह सिंह थे। कार्यक्रम के संयोजक बद्री लाल विजयवर्गीय थे. इस प्रतियोगिता में हैप्पी पब्लिक स्कूल, रीलायबल एकदमी, आदर्श विद्या निकेतन व स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल की हिंदी व संस्कृत भाषा की 8 टीमों ने भाग लिया. इसमें 29 बालिकाये व 1 बालक ने अपनी प्रस्तुतियां का प्रदर्शन किया। गायक भेरू लाल बरेगामा, गोपाल लाल व्यास व शांति लाल बारेठ ने निष्पक्ष निर्णय देते हुए रीलायबल एकेडमी को विजेता घोषित किया।

धार्मिक जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया

डूंगरपुर, (निसं)। त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डूंगरपुर जिला प्रशासन अलर्ट है। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन ने रविवार को लगभग दो घंटे तक शहर में गणपति प्रतिमाओं की विसर्जन यात्राओं और धार्मिक जुलूस के मार्गों का निरीक्षण किया। शहर के पुराना हॉस्पीटल, कंसारा चौक, सोनिया चौक, घुमटा बाजार, माणक चौक, फौज का बडला, घांटी से होते हुए पुरानी, सब्जी मण्डी, मोचीबाजार, फरासवाडा होते हुए पुनः पुराना हॉस्पीटल पहुंचे। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेशचंद्र धाकड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, पुलिस उपाधीक्षक राजकुमार राजोरा, नगर परिषद आयुक्त लोकेश पाटीदार, कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल भी साथ रहे। रूट मार्च के दौरान जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक ने मार्ग में बिजली और केबल के तारों को सुरक्षित ऊंचाई पर करने, अतिक्रमण हटाने और साफ-सफाई के निर्देश दिए। विसर्जन यात्रा और जुलूस के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस के जवान तैनात किए जाएंगे। ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने, धार्मिक सौहार्द बिगाडने और कानून व्यवस्था में बाधा डालने पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

आसोलिया ऐश्वर्या प्रोत्साहन अवार्ड से सम्मानित

विवि कुलपति प्रोफेसर शिव सिंह सारंगदेवोत ने राव गोपाल सिंह आसोलिया को सम्मानित किया।

उदयपुर, (कासं)। एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्राध्यापक गोपाल सिंह आसोलिया द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बंबोरा, सुवेरी पीएम श्रीफतह उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयपुर में पिछले 8 वर्षों के दौरान लगातार शत प्रतिशत बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं की गई उल्लेखनीय सेवाओं के लिए समस्त विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

दूसरी ओर एकीकृत प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा एकीकृत मार्गदर्शक शांतिलाल चौबीसा एकीकृत प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण जोशी जिला अध्यक्ष डॉ कमलेश एवं जिला मंत्री सुबोध कुमार जैन द्वारा इस वर्ष का भी लगातार 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर सम्मान किया गया।

इससे कुछ दिनों पूर्व ही राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्राध्यापक राव गोपाल सिंह आसोलिया का संस्था प्रधान सहित समस्त विद्यालय परिवार की ओर से पिछले 7 वर्षों के गुणात्मक दृष्टि से शत-प्रतिशत एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं उनके द्वारा विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में एमसीएमसी मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी प्रकोष्ठ में उल्लेखनीय सेवाएं जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग के बीच मुख्यमंत्री हेल्पलाइन समन्वय अधिकारी के रूप में ,चारों पुलिस थानों चेक पोस्ट प्रभारी अधिकारी के रूप में, बाहर जाने वाले व्यक्तियों के लिए पास जारी करने के लिए समन्वय अधिकारी के रूप में तथा एयरपोर्ट पर प्रभारी अधिकारी सामान्य व्यवस्था एवं कार्मिक के रूप में ,विधानसभा नियंत्रण कक्ष राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मेंउल्लेखनीय सेवा शिक्षा विभाग एवं अन्य सामाजिक कार्य मे 9 करोड़ की पेयजल योजना की वित्तीय स्वीकृति जारी करवाने एवं 70 लाख रुपए से भी अधिक की सड़क , नालियों के निर्माण की स्वीकृति जारी कराने में दिए गए उल्लेखनीय कार्य हेतु कार्य हेतु अभिनंदन एवं स्वागत किया गया।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी मनाई

राजसमंद, (निसं)। राजसमंद में इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश के मौके पर ईद मिलादुन्नबी का जलसा रविवार रात को मनाया गया। जुलूस ए मोहम्मदी सोमवार को निकाला जाएगा।

इस अवसर पर अंजुमन कमेटी के मीडिया प्रभारी शेर खान पठान ने बताया कि इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश की खुशी के मौके पर रविवार रात को हुसैनी चौक पर मनाया गया, जो कार्यक्रम रात्रि 10 बजे हजरत मोइनुद्दीन जोधपुर की सरपरस्ती में शुरू हुआ।

इस अवसर पर मुकरिरे खुसूसी हजरत कारी निसार अहमद रजवी (कोलकाता), हजरत मुफ्ती जाहिद रजा, बरेली शरीफ, शायर इमरान जयपुरी ने शिरकत की। कार्यक्रम की निजामत हजरत जुनैद रजा ने की।

बूथ प्रबंधन ही जीत का आधार : डॉ. भदौरिया

बांसवाड़ा, (निसं)। भाजपा सदस्यता अभियान अंतर्गत जिले के प्रवास पर आये मध्यप्रदेश के भाजपा महामंत्री एवं पूर्व सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद भदौरिया ने भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में बूथ प्रबंधन को ही जीत का आधार बताते हुए पदाधिकारियों को बूथ में प्रत्येक वर्ग के घर-घर जाकर भाजपा से जोडने का आव्हान किया।

उन्होंने कहा कि देश में चुनाव आयोग में पंद्रह सौ से अधिक राजनैतिक दल है लेकिन भाजपा ही एक मात्र दल है जो प्रत्येक छः वर्ष में सदस्यता अभियान चलाता है तथा बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक की चुनाव प्रक्रिया होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी करनी में अंतर नहीं है। भदौरिया ने कहा कि पदाधिकारी समयबद्ध रचना से आगे बढे तो ही अभियान में लक्ष्य को पूरा किया जा सकेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष लाभचंद पटेल ने जिले में भाजपा सदस्यता अभियान की जानकारी देते हुए इसे गति देने का आव्हान किया। भाजपा प्रदेश मंत्री अनिता कटारा ने कहा कि सदस्यता अभियान हम सभी के लिए अवसर है वागड में पुनरू भाजपा का माहौल होगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा ही सभी के कल्याण के प्रति कृत संकल्पित है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हकरू मईडा ने जनजाति वर्ग में अधिकाधिक सदस्यता दिलाने पर बल देते हुए कहा कि अब बीएपी के काले कारनामे सामने आए है ऐसे में अबलोग गुमराह नहीं होंगे। भाजपा जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री मुकेश रावत ने कहा कि संकल्पित होकर सदस्यता अभियान में जुटने तथा बूथ पर फोकस करने से अभियान सफल होगा।

सदस्यता अभियान जिला संयोजक संजय पंड्या ने कहा कि सदस्यता अभियान के तहत जिले में तय सीमा में लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। बैठक में बतौर अतिथि के रुप में पूर्व प्रदेश मंत्री कृष्णा कटारा, पूर्व प्रधान राजेश कटारा, प्रधान बलवीर रावत, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष कांति अहारी, जिला महामंत्री नरेंद्र वैष्णव, मुकेश द्विवेदी, योगेश दिवाकर, नरेश पाटीदार, सरदार पारगी, राजेंद्र गर्ग ने भी संबोधित किया। बैठक से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीपत राय दवे की पुण्य तिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

उदयपुर, (कासं)। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराडी ने कहा कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। सरकार इन प्रतिभाओं को तलाश कर तराशने के लिए हर संभव प्रयासरत है। मंत्री बाबूलाल खराडी रविवार को पंचायत समिति बडगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत लखावली के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी प्रतिभा खोज स्टेडियम डांगियों का गुडा में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय डांगियों का गुडा की मेजबानी में आयोजित 68 वीं जिला स्तरीय छात्र वर्ग (14 वर्षीय) कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलने का आव्हान किया। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी खेल स्टेडियम के विकास के लिए चारदीवारी तथा दर्शक दीर्घा निर्माण की घोष्णा की। साथ ही 68 वीं जिला स्तरीय छात्र (14 वर्षीय) कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खेल शपथ दिलाई। कार्यक्रम में गोगुन्दा विधायक प्रताप लाल गमेती, जिला प्रमुख श्रीमती ममता कुंवर, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, जिला परिषद सदस्य डॉ॰ पुष्पा